प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांक : 02.01.2026 समय : 01:00 पी.एम.

..................

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह आज उदयपुर दौरे पर है। रक्षा मंत्री महाराणा भूपाल नोबल्स संस्थान के 104वें स्थापना दिवस समारोह में शामिल हो रहे है। समारोह का आयोजन महाराणा प्रताप खेल मैदान पर किया जा रहा है। समारोह में उदयपुर सांसद डॉ. मन्नालाल रावत, चित्तौडगढ सांसद सी पी जोशी और राजसमंद सांसद महिमा कुमारी भी मौजूद है। संस्थान के कार्यवाहक अध्यक्ष प्रोफेसर शिव सिंह सारंग देवोत ने बताया कि पिछली एक सदी से इस संस्थान के विद्यार्थी शिक्षा, चिकित्सा, राजनीति और सेना के क्षेत्र में विशिष्ट सेवायें दे रहे है।

..................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल नई दिल्ली में भगवान बुद्ध के जीवन से संबंधित पिपरहवा अवशेषों की अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे। ये प्रदर्शनी राय पिथौरा सांस्कृतिक परिसर में आयोजित की जा रही है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक बयान में कहा है कि वर्ष 1898 में खोजे गए पिपरहवा अवशेष प्रारंभिक बौद्ध धर्म के पुरातात्विक अध्ययन के लिए महत्वपूर्ण हैं।

..................

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि मुंबई–अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना में पर्वतीय सुरंग–5 की खुदाई का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न कर लिया है और यह इस परियोजना में एक बड़ी उपलब्धि है। महाराष्ट्र के पालघर में हाई स्पीड टनल ब्रेक थ्रू प्रोग्राम को वर्चुअली संबोधित करते हुए रेल मंत्री ने बताया कि इस परियोजना में सात पर्वतीय सुरंग और एक समुद्री सुरंग शामिल है। श्री वैष्णव ने कल घोषणा की कि भारत को अपनी पहली बुलेट ट्रेन 15 अगस्त 2027 को मिलने की संभावना है।

..................

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने कहा है कि पहली फरवरी से सभी नए फास्टैग जारी करने के लिए कारों के **नो योर व्हीकलदृके.वाई.वी.** कार्ड बंद कर दिए जाएंगे। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने कहा कि यह कदम राजमार्गों से यात्रा करने वाले लोगों की सुविधा और फास्टैग एक्टिवेशन के बाद की परेशानियों को दूर करने के लिए उठाया गया है।

..................

मुख्य सचिव वी श्रीनिवास ने आज जयपुर के सीतापुरा स्थित जेईसीसी में राजस्थान डिजिफेस्ट टाई ग्लोबल समिट 2026' की तैयारियों का जायजा लिया। इसका आयोजन 4 से 6 जनवरी तक किया जा रहा है। इस समिट में दस हजार से ज्यादा प्रतिभागी शामिल होंगे। इनमें स्टार्टअप्स, निवेशक, युवा उद्यमी, आईटी प्रोफेशनल और विद्यार्थी भाग लेंगे। समिट में 1200 से अधिक ग्लोबल कंपनियों के फाउन्डर सीईओ और 20 से ज्यादा **यूनिकॉर्न और सूनीकॉर्न** के फाउंडर भी हिस्सा लेंगे। इससे प्रदेश आई.टी. और स्टार्टअप विकास के प्रमुख केन्द्र के रूप में अपनी पहचान बनाएगा। मीडिया से बातचीत में मुख्य सचिव ने कहा कि इस समिट से राज्य के स्टार्टअप्स को फंडिंग और मेंटरिंग के लिए वैश्विक मंच मिलेगा।

.....

..................

चौमूं में पिछले दिनों हुए उपद्रव और पत्थरबाजी की घटना के बाद आज अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही है। नगर परिषद और प्रशासन की ओर से अवैध निर्माण को बुलडोजर से ध्वस्त किया जा रहा है। मौके पर भारी पुलिस बल तैनात है। उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने मीडिया से बातचीत में कहा कि प्रदेशवासियों की सुरक्षा सरकार के लिए सर्वोपरी है और उपद्रवियों के खिलाफ जीरो टोलरेंस की नीति के तहत ये कार्रवाई की जा रही है।

....

..................